PROCTORIAL BOARD

JIWAJI UNIVERSITY, GWALIOR – 474 011 (M.P.) INDIA

Prof. Shiv Kumar Singh
Proctor
M: 94253-39300
☏: 0751-2442600
shivkumar67@gmail.com

Prof. Radha Tomar
Joint Proctor
M: 94253-41452
☏: 0751-2442768
radha_tomar11@yahoo.co.in

Dr. Keshav Singh Gurjar
Joint Proctor
M: 94251-17433
☏: 0751-2442871
gurjar.keshav@gmail.com

Dr. Shantidev Sisodia
Deputy Proctor
M: 94257-42232
☏: 0751-2442720
jusisodia@gmail.com

Ref: No. PB/2014/180 ***Date : 22-07-2014***

प्रति,

विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक / चीफ वार्डन / वार्डन एवं शिक्षक साथी,

समस्त अध्ययनशालाएं / छात्रावास

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

महोदय,

विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया लगभग सम्पन्न होने को है, एवं शीघ्र ही अध्ययनशालाओं में कक्षाएं प्रारंभ हो जायेंगी, अतः हम सबकी यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि अध्ययनशालाओं में पहली बार प्रवेश लेने वाले छात्र / छात्रायें निर्भीक एवं निडर होकर अध्ययन कार्य करें। मेरा समस्त विभाग प्रमुखों एवं शिक्षक साथियों से अनुरोध है कि वे शुरू में ही स्वयं छात्रों से रूबरू होकर यह स्पष्ट कर दें कि परिसर में रैगिंग पूर्णतः प्रतिबन्धित है एवं छात्रों को किसी भी तरह से डरने की जरूरत नहीं है। परिसर में जगह–जगह प्रोक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों के टेलीफोन नम्बर लिखे हुए हैं, इसके अलावा जीवाजी विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर भी प्रोक्टोरियल बोर्ड एवं रैगिंग निरोधक समितियों के मोबाइल नंबर के साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी हुई है। छात्रों को बता दें कि अध्ययनशालाओं में अध्ययनरत सभी छात्र बराबर हैं, सिर्फ उनकी कक्षाएं अलग–अलग हैं। छात्र अपने मन में जूनियर अथवा सीनियर जैसा कोई भी भाव उत्पन्न न होने दें, क्योंकि रैगिंग का प्रयास करने मात्र से भी छात्रों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा सकती है, साथ ही पुलिस में भी प्रकरण पंजीबद्ध करवाया जा सकता है।

आदरणीय शिक्षक साथी यह सब एवं अन्य जो आप उपयुक्त समझें छात्रों को निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे छात्र अप्रिय घटनाओं में लिप्त न हों एवं

निश्चिन्त होकर अध्ययन कार्य में जुटे रहें। पिछले वर्षों के अनुभव के आधार पर यह संज्ञान में आया है कि सबसे अधिक विवादित मुद्दे उन विभागों में सामने आये हैं जहां पर स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम चल रहे हैं, अतः ऐसे विभागों में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, छात्रों को बता दें कि इन्ट्रोडक्शन पार्टी पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके अलावा यदि छात्र और कोई आयोजन करना चाहते हैं तो कृपया आप पूरी तरह सुनिश्चित कर लें कि जो आयोजन छात्र करने जा रहे हैं उसकी अनुमति दिया जाना उचित होगा अथवा नहीं। यदि आप उचित समझते हैं तो इसकी पूर्व सूचना प्रोक्टोरियल बोर्ड को अवश्य देने का कष्ट करें, साथ ही स्वयं अथवा अन्य कोई शिक्षक पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहें।

प्रोक्टोरियल बोर्ड एवं रैगिंग निरोधक समितियों के सदस्य समय—समय पर अध्ययनशालाओं में आपके सहयोग से विजिट करते रहेंगे। इसके अलावा आप अपनी सुविधानुसार भी छात्रों से संवाद करते समय प्रोक्टोरियल बोर्ड एवं रैगिंग निरोधक समिति के सदस्यों को बुला सकते हैं।

परिसर को रैगिंग एवं लड़ाई झगड़े से पूरी तरह मुक्त रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है एवं हम सब मिलकर इसे पूरी तरह रैगिंग से मुक्त रखेंगे, जिससे रैगिंग के सम्बन्ध में जीरो टोलरेन्स पॉलिसी का पालन किया जा सके।

धन्यवाद।

भवदीय,

(प्रो0 एस0 के0 सिंह)

प्रोक्टर

प्रतिलिपि :'

1— माननीय कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

2— माननीय कुलसचिव महोदय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।